भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1729

01 अगस्त, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

अमृत के अंतर्गत मछलीपट्टनम के लिए परियोजनाएं

1729. श्री बालाशौरी वल्लभनेनीः

क्या **आवासन और शहरी कार्य मंत्री** यह बताने की क्या करेंगे किः

(क) क्या अमृत के अंतर्गत 80 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत के साथ आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम शहर के लिए जल आपूर्ति हेतु दो परियोजनाएं, सीवेज और सेप्टेज प्रबंधन के लिए एक परियोजना, जल निकासी के लिए दूसरी परियोजना और पार्कों के विकास के लिए तीसरी परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और कार्यशील हो गई हैं; और

(घ) यदि नहीं, तो देरी के कारण क्या हैं और इनके कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क): आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) के अंतर्गत, आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम शहर के लिए 100.28 करोड़ रु. की लागत की 07 परियोजनाएं संस्वीकृत की गई हैं।

(ख) और (ग): राज्य सरकार द्वारा दी गई जानकरी के अनुसार, अमृत के अंतर्गत संस्वीकृत 7 परियोजनाओं में से 4 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं तथा शेष 3 परियोजनाएं कार्यान्वयन चरण में हैं। मछलीपट्टनम शहर में परियोजनाओं का ब्यौरा अनुलग्नक-I में दिया गया है।

(घ): राज्य सरकार द्वारा दी गई जानकरी के अनुसार, परियोजनाओं में कोविड महामारी, कच्चे माल/श्रमिकों की अनुपलब्धता के कारण विलंब हुआ। 3 चल रही परियोजनाओं का विवरण अनुलग्नक-II में दिया गया है।

***

"अमृत के अंतर्गत मछलीपट्टनम के लिए परियोजनाओं" के संबंध में 01.08.2024 को लोकसभा में उत्तर दिए जाने हेतु लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1729 के भाग (ख) & (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-I

मछलीपट्टनम शहर में परियोजनाओं का ब्यौरा

परियोजना	एसएएपी वर्ष	परियोजना की लागत (करोड़ रुपए में)	स्थिति
जलापूर्ति	2015-2016	36.75	कार्यान्वयनाधीन
जलापूर्ति	2016-2020	22.70	पूर्ण
सीवरेज और सेप्टेज	2016-2020	16.76	कार्यान्वयनाधीन
वर्षा जल	2016-2020	21.47	कार्यान्वयनाधीन
पार्क (सिदिम्बी अग्रहारम पार्क का विकास)	2015-2016	0.50	पूर्ण
पार्क (बंदर कोटा पार्क का विकास)	2016-2017	1.00	पूर्ण
पार्क (बंदर कोटा पार्क का विकास - चरण-II)	2017-2020	1.10	पूर्ण

“अमृत के अंतर्गत मछलीपट्टनम के लिए परियोजनाओं" के संबंध में 01.08.2024 को लोकसभा में उत्तर दिए जाने हेतु लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1729 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-II

<u>मछलीपट्टनम शहर में चल रही परियोजनाओं का ब्यौरा</u>

परियोजना	**वास्तविक प्रगति**	**राज्य सरकार की रिपोर्ट के अनुसार स्थिति/पूरा होने की समय सीमा**
जलापूर्ति- 2015-16	**94%**	**पूर्ण - 30.09.2024**
सीवरेज और सेप्टेज - 2016-20	**45%**	**मूल अनुबंध को जीओएमएस संख्या: 72 एमए और यूडी (यूबीएस) विभाग दिनांक: 01.06.2023 के तहत समाप्त कर दिया गया था।** **21.60 करोड़ रु. की संशोधित प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई।** **शेष कार्य के लिए संशोधित कार्यक्रम:** • **शेष कार्य के लिए एनआईटी जारी- 30 सितम्बर, 2024** • **शेष कार्य का आवंटन - 31 दिसम्बर, 2024** • **पूर्ण - 31 दिसंबर, 2025**
वर्षा जल निकासी - 2016-20	**45%**	**ठेकेदार को काम पुन: शुरू करने के लिए नोटिस जारी कर दिया गया है।** • **अनुबंध का समापन / कार्य का पुनरारंभ - 30 सितम्बर, 2024** • **यदि आवश्यक हो तो शेष कार्य के लिए एनआईटी जारी - 30 नवंबर , 2024** • **यदि आवश्यक हो तो शेष कार्य प्रदान करना - 31 जनवरी, 2025** • **पूर्ण - 30 सितम्बर, 2026**

******